सूचना और संचार प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक नीति
वर्ष 2016 – 2025 (उत्तराखण्ड राज्य)

विषय सूची

अध्याय –1 – प्रस्तावना	
भूमिका	
सामान्य	
राष्ट्रीय उददेश्य	
दृष्टिकोण	
लक्ष्य	
मिशन	
उददेश्य	
अध्याय–2 –कार्यान्वयन रणनीति	
रणनीति प्रेरित करना	
सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) नीति का कार्यान्वयन	
इलेक्ट्रानिक पद्धति डिजाइन और विनिर्माण नीति का कार्यान्वयन	
ग्रामीण बीपीओ/केपीओ उद्योग	
डाटा केन्द्र तथा डाटा केन्द्र पार्क	
अध्याय –3 – प्रोत्साहन	
राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक नीति (एनईपी)2012 के अधीन भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया प्रोत्साहन	
क्षेत्रों का विभाजन	
उत्तराखण्ड राज्य द्वारा प्रदान किया गया प्रोत्साहन	
वित्तीय प्रोत्साहन	
गैर वित्तीय प्रोत्साहन	
बुनियादी सुविधाओं का समर्थन	
अध्याय–4– अनुश्रवण और निष्पादन	
परिशिष्ट क	

अध्याय –1 – प्रस्तावना

भूमिका

1– भू–मण्डलीय आर्थिकी आधारित ज्ञान को बढ़ाने का मुख्य संचालक सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में इसके वर्तमान भू–मण्डलीय स्तर प्रदान करने के लिए भारत की स्थिति और उसकी सक्षमता इसे अंत तक पहुंचाने में सहायक है। विकास और प्रसार के लाभों की पहुंच के लिए सूचना संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स की नीतियां तथा कार्यक्रम औद्योगिक एवं विकासशील देशों में तैयार की जा रही है।

2– प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण रूप से सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स में वृद्धि कर रही है। यह क्षेत्र सामान्य, रणनीतिक और महत्त्वपूर्ण रूप में है। समस्त विकासशील और विकसित देश सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स के महत्त्व को समझ रहे हैं और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स के विकास के प्रसार को नीतियों और संयुक्त लोक निजी कार्यक्रमों के द्वारा प्रयोग कर रहे है। विकासशील देशों में भी यह स्थापित हो चुका है कि उद्योगों, संरचनात्मक आधारित आधुनिक्ता और सेवाओं के प्रतियोगी वृद्धि, समूची सूचना की कमी को कम करने और समूचे आर्थिक मूल्यों के व्यवहरण को न्यून करने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स की सार्थकता है। ये देश मुख्य क्षेत्रों में जैसे मेक्रो आर्थिकी योजनाओं और निर्णय करने, लोक प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देख–रेख, विनिर्माण, वित्त और बैंकिंग, परिवहन, वाणिज्य, प्रकाशन, विद्युत संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स का प्रयोग कर रहे है।

3– भारत में सूचना प्रोद्योगिकी का मुख्य केन्द्र यथा बंगलौर, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे तथा एनसीआर जिनके निकट भारत में कुल सूचना संचार प्रोद्यौगिक उद्योगों के लगभग 90 प्रतिशत अवस्थित है और अग्रेत्तर विस्तार के लिए संरचनात्मक तथा मानव संशाधन बाधाओं की चुनौतियां है। यह आवश्यकताएं भारतीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स के लिए अनन्य कियान्वयन को घटाने के लिए उत्तराखण्ड के शहरों में टियर दो तथा टियर तीन में बदले जाने है। भू–मण्डलीय वातावरण के कम में यह कहना है कि उत्तराखण्ड राज्य में इसे समय से प्रारम्भ किया जाय और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स के महत्त्वपूर्ण लाभों को उसके अधिवासियों को पहुचाने के उददेश्य से शीघ्र कदम उठाने होंगे।

4– शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक विकास, वित्तीय संशाधन, रोजगार सृजन, सुशासन इत्यादि में आने वाले विभिन्न विकासीय चुनौतियों की शाखाओं को प्रोद्यौगिक सक्षमता के लिए सूचना संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय नीति आर्थिकी में बहुत बडे मामले में दक्षता ला सकती है। उत्तराखण्ड राज्य नीति दो लक्ष्य, राज्य की पहुंच के भीतर सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स की पूर्ण शक्ति को लाना और राज्य के मानव संसाधन तथा क्षमता का कवच है जिससे 2025 में सूचना संचार उद्योगी, आईटीईएस तथा इलेक्ट्रानिक विनिर्माण सेवाओं के लिए भू–मण्डलीय/राष्ट्रीय हब तथा गंतव्य के रूप में उत्तराखण्ड को पहुचाया जा सके।

5– सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स नीति राज्य में इलेक्ट्रानिक विनिर्माण इकाईयों के

संस्थापन के लिए निजी सहभागियों में वृद्धि करना और सूचना प्रौद्योगिकी के समाधान उपलब्ध कराना, सभी आर्थिक क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रानिक की तैनाती हो सके। इस नीति का उददेश्य राज्य के भीतर विभिन्न लाभार्थियों की ओर से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सहभागिता के माध्यम से कार्रवाई हो।

6– सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के प्रसार के अतिरिक्त भारत सरकार के ओर से जारी ''मेक इन इंडिया के' की छत्री के अधीन राज्य के भीतर इलेक्ट्रानिक विनिर्माण इकाईयों को संस्थापित किये जाने की आवश्यकता है। इससे वर्तमान में पूर्व नियार्तित होने वाली विभिन्न घटकों के मूल्य में कमी आ सकेगी। इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर उद्योग इलेक्ट्रानिक्स पद्धति आरेखण तथा विनिर्माण जिसमें सेमी कंन्डकटर डिजाईन, उच्च स्तरीय विनिर्माण, इलेक्ट्रानिक घटक, उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक उत्पाद के लिए इलेक्ट्रानिक पद्धति डिजाईन, टेलीकॉम उत्पाद तथा उपस्कर, संचार प्रौद्योगिकी पद्धति तथा हार्डवेयर से संरचित होगी। इलेक्ट्रानिक उद्योग विश्व में सबसे बड़ी और सबसे तीव्र वृद्धि वाली विनिर्माण उद्योग है जिसमें यूएसडी 1.75 ट्रिलियन बतायी गई है। इसके वर्ष 2020 तक यूएसडी 2. 4 ट्रिलियन पहुंचने की सम्भावना है।

7– मुख्य लाभांशी– मुख्य लाभांशी राज्य में केवल आई0टी0 विभाग (आई0टी0डी0ए0/आई0टी0 निदेशालय तथा एस0ई0एम0टी0 सहित) ही नही है वरन् पुलिस विभाग, विभिन्न संगठनों के उद्योग प्रतिनिधि, उच्च शिक्षा के अधीन सभी संस्थाएं/विश्वविद्यालय तथा तकनीकी शिक्षा विभाग और राज्य के नागरिक भी सम्मिलित है।

8– राज्य की एम0एस0एम0ई0 नीति के अनुसार राज्य को चार भागों में विभक्त किया गया है जिसे धारा 3 में उल्लिखित किया गया है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स संरचना के विस्तार के उददेश्य से प्रस्तावित प्रोत्साहन बल प्रदान करेंगे।

सामान्य

9– उत्तराखण्ड जब वह उत्तरी उत्तर प्रदेश का भाग था जब उत्तराखण्ड राज्य का गठन दिनांक 9 नवम्बर, 2000 को हुआ था। हिमालयन पर्वत श्रंखला के तलहटी पर इसका अधिकतर भू–भाग स्थित है, इसकी जनसंख्या वर्तमान में लगभग 1.08 करोड है और भौगोलिक आकार में इसकी परिधि 53483 वर्ग मीटर है, जिसमें से लगभग 88 प्रतिशत भू–भाग पर्वतीय क्षेत्र का है। राज्य में प्राकृतिक स्रोतों का भण्डार है जिसमें विशेषकर जल और जंगल जिसमें ग्लेशियर, नदियां, जंगल और पर्वत चोटियां है। यह वास्तव में देवभूमि है।

10– उत्तराखण्ड सरकार इसके नागरिकों की जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स की पूर्ण शक्ति को प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव किया है जिससे समाज में तेजी और आर्थिक विकास लाने, सरकार के निर्णयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, विभिन्न उपभोगताओं के मध्य दक्षता के माध्यम से आदर्श ईसोसाईटी माडल को सभी प्रकार से नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिक तकनीकी को तेजी से अंगीकार करने, रोजगार का सृजन करने, मूल्य को प्रभावी करने, सूचना का जाल बिछाने, ईको के प्रति सजग रहने और वर्ष दर वर्ष इसके उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रानिक पद्धति आरेखण और विर्निमाण में यह क्षेत्र तेजी से बढ रहा है। राष्टीय इलेक्ट्रानिक नीति, 2012 के अनुसार वर्ष 2020 तक इसमें 400 बिलियन डालर की बढोतरी होने की सम्भावना है और इससे लगभग 28 मिलियन कुल

रोजगार सृजित होंगे।

11– इस अभिलेख का यह उददेश्य है कि सभी संदर्भों में राज्य में सभी उन्नति की प्राप्ति के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स के प्रबंधन और प्रभावी कार्यक्रम के लिए नीतिगत ढांचा उपलब्ध कराना है। इस नीति के अभिलेख उत्तराखण्ड एमएसएमई नीति, 2015 एवं उत्तराखण्ड मेगा औद्योगिक एवं विनिवेश नीति, 2015 के विस्तारित अभिलेख होगें।

12– राज्य के भीतर की गई उन्नति के पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात इस नीति अभिलेख को पुनर्विलोकित किया जायेगा और उसके पश्चात उसमें आवश्यक संशोधन किये जायेगे। यहां पर यह भी कहना है कि सम्पूर्ण राज्यों और भारत के केन्द्रशासित प्रदेशों की तुलना में और श्रेणी, की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को तैयार रखने विभिन्न पहलुओं की रिपोर्ट को राष्टीय स्तर पर तैयार करने के लिए सम्बंधित विभिन्न ई–शासन सम्बन्धित परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा उसके उन्नयन के सम्बंध में त्रेमासिक आधार पर एनईजीडी की अनुपालन करेगी। सभी विभागों से यह अनुरोध है कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी की गई समयबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए उससे सम्बंधित विभागों के भीतर विभिन्न सूचना प्रोद्योगिकी तकनीकी से सम्बंधित कार्यों का अनुश्रवण करेगें।

राष्ट्रीय उददेश्य

13–यह अनिवार्य है कि राज्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स नीति के मामले में राष्ट्रीय नीतियों के साथ संपर्क बनाये रखें। इस दृष्टिकोण से सूचना प्रौद्योगिकी 2012 (एनपीआईटी 2012), ईएसडीएम पर राष्ट्रीय नीति 2012, राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक नीति, 2012 (एनईपी 2012) और राष्ट्रीय टेलीकॉम नीति, 2012 (एनटीपी 2012) को इस अभिलेख में सम्मिलित किया गया है और निम्नवत संक्षेप में प्रस्तुत है–

क. वर्तमान 100 बिलियन को 300 बिलियन यूएस डालर तक सूचना प्रोद्योगिकी और इलेक्ट्रानिक के राजस्व को बढोतरी करने के लिए, व निर्यात 69 विलियन से बढ़ाकर वर्ष 2020 में 200 बिलियन यू. एस. डालर करना।

ख. उभरती प्रौद्योगिकियों और सेवाओं में महत्त्वपूर्ण वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए,

ग. अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में आर एण्ड डी एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए,

घ. महत्त्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में उनकी प्रतिस्पर्धा और उत्पादकता में सुधार के लिए आईसीटी को अभिग्रहण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए,

ड. मूल्य सृजन में आई.टी के अभिग्रहण के लिए एसएमई और स्टॉरटअप के लिए चालू वित्त वर्ष में लाभ प्रदान करने के लिए,

च. 10 मिलियन आईसीटी में अतिरिक्त कुशल जनशक्ति का पूल बनाने के लिए,

छ. प्रत्येक परिवार में से कम से कम एक व्यक्ति को ई–साक्षर बनाने हेतु। उत्तराखण्ड राज्य में सभी निवासियों को ई–साक्षर बनाने के लिए 2025 तक प्रयास करेंगे।

ज. इलेक्ट्रानिक मोड में सभी सर्वजानिक सेवाओं के लिए अनिवार्य वितरण और किफायती उपयोग प्रदान करने के लिए,

झ. सरकार में और विशेष रूप से पारदर्शिता, जवाबदेही, क्षमता, विश्वसनीयता और विकेंद्रीकरण को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में,

ञ. शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और वित्तीय सेवा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्र की पहल के लिए आईसीटी का लाभ उठाने, इक्विटी और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए,

ट. भाषा प्रौद्योगिकी के विकास हेतु भारत वैश्विक हब बनाने के लिए प्रोत्साहित करना, और समस्त भारतीय भाषाओं में सुलभ सामग्री के विकास की सुविधा तथा इस तरह के डिजीटल डिवाईस से मदद करने के लिए,

ठ. समावेशी विकास को बढ़ावा के लिए अलग विकलांग लोगों द्वारा सामग्री और आईसीटी अपनुप्रयोगी के उपयोग को सक्षम करने के लिए,

ड. कर्मचारियों की सख्या का विस्तार और जीवन भर खीखने को सक्षम करने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए,

ढ. एक सुरक्षित और कानूनी तौर पर शिकायत साइबरस्पेस पारिस्थितिकी यंत्र सुनशिचित हेतु नियामक और सुरक्षा ढांचे को सुदृढ करने के लिए,

ण. खुले मानकों को अपनाने और खुले स्रोत तथा खुले प्रौद्योगिकी को बढावा देने के लिए,

त. देश में एक विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा ईएसडीम क्षेत्र के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए 2020 में विभिन्न स्तरों पर लगभग 28 लाख लोगों के लिए यूएसडी 100 विलियन का निवेश और रोजगार को शामिल करके 400 विलियन यूएसडी के करोबार को हासिल करने के लिए,

थ. वर्ष 2020 तक यूएस डालर 55 विलियन के कुल वार्षिक आय व्यय को प्राप्त करने, अन्य उन्नत तकनीकी क्षेत्रों तथा चिप डिजाईन, बहुत बड़ी मात्रा में एकीकरण में भू–मण्डलीय नेतृत्व प्राप्त करने के लिए साफ्टवेयर उद्योग को स्थापित करने और आकस्मिक चिप डिजाईन को तैयार करने के लिए,

द. वर्ष 2020 तक 60 प्रतिशत से अधिक वर्तमान 20से 25 प्रतिशत को बृद्धि करने के लिए इन पहलुओं के वास्तविक उपलब्धता को तैयार करने के लिए कच्चे माल, भाग और इलेक्ट्रानिक घटकों को क्रमबद्ध रूप से मजबूती से आपूर्ति के लिए तैयार करने हेतु,

ध. वर्ष 2020 तक 5.5 विलियन यूएस डालर से 80 विलियन यूएस डालर तक इएसडीम के भाग में निर्यात में बढोतरी करेन के लिए,

न. ईएसडीएम क्षेत्र में अच्छी मानव शक्ति की उपलब्धता के लिए विशिष्ट लोगों का चयन करने, सम्बंधित विषय में स्नातक डिग्री को देने के लिए विशेष ध्यान आकर्षित करने तथा वर्ष 2020 तक लगभग 2500 शोद्यार्थियों को तैयार करने के लिए।

दृष्टिकोण

14– समावेशी विकास के साथ उत्तराखण्ड के आर्थिक विकास के लिए एक वाहन के रूप में आईसीटी और ई का उपयोग करने के लिए जीवन की उच्च गुणवत्ता के साथ एक जीवंत समाज बनाने के लिए।

लक्ष्य

15– उत्तराखण्ड राज्य को पूर्णतया डिजीटाइज्ड और नेटवर्क समाज बनाने के लिए जहां राज्य के आर्थिक विकास सम्भव हो सके, हेतु प्रभावी सूचना प्रौद्योगिकी संरचना के माध्यम से समाज के सभी वर्गों की पहुंच तक उपलब्ध होने तथा सूचना की प्रवाह हो, को तैयार करना है।

16– **रोजगार सृजन**– (राष्ट्रीय औसत से अधिक) 78.82 प्रतिशत की शुद्ध उच्चतर शैक्षणिक दर को दिये जाने, सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स को बढ़ावा देते हुए बेरोजगारी को कम करने के सरकार के उद्देश्य तथा उत्तराखण्ड में उनके उपक्रमों को स्थापित करने के लिए इलेक्ट्रानिक विनिर्माण उपलब्ध कराना है।

17– राज्य के लिए मुख्य बढोतरी के रूप में इलेक्ट्रानिक्स तथा इलेक्ट्रानिक पद्धति आरेखण एवं विनिर्माण उद्योगों में विनिवेश हेतु उत्तराखण्ड राज्य अत्यधिक प्राथमिकता देने वाला राज्य है।

मिशन

18– इस नीति का मिशन है कि –

क. भारत में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स को आकर्षित करने के लिए उत्तराखण्ड राज्य की स्थिति,

ख. उत्राखण्ड के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स की उपलब्धि के लिए मुख्य साधन बनाने,

ग. सहयुक्त समुदायों को भौतिक समुदायों में बदलने के लिए जिससे कि वास्तविक आर्थिक उन्नति तथा जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार हो सके।

उददेश्य

19–अनुकूल उद्योग मित्रता और सक्रिया वातावरण देते हुए सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेट्रानिक कम्पनिनियों के लिए आकस्मिक विनिवेश प्रक्रिया के रूप में उन्नयन करना,

20– राज्य में संरचनात्मक कला के अधिष्ठापन राज्य सहायता उपलब्ध कराने के लिए आकस्मिक सूचना एवं प्रौद्योगिकी इलैकटानिक स्थल के रूप में राज्य के शहरों / कस्बों में अनुकूल वातावरण तैयार करना। राज्य के भीतर एकल खिडकी सहायता उपलब्ध कराने के माध्यम से इसकी पूर्ति की जायेगी।

21– किसी स्थल पर निर्वाद संयोजन उपलब्ध कराने के रूप में विश्व स्तरीय सूचना और प्रौद्योगिकी संरचना सृजन हेतु व्यापारियें और उपभोक्ताओं, सूचना प्रौद्योगिकी संचालकों के जीवंत इको–पद्धति की संरचना में लोक और निजी सेवाओं के उपयोग को आसान करने, सेवा उपलबध कराने वाले, सरकार, संचालन और इसके अंतिम उपभोकता ओ उपलबध कराना। राज्य सरकार पीपीपी माडॅल पर इलेक्टानिक विर्निमाण कलस्टर (ईएमसीएस) को स्थापित करने की योजना बनाना,

22– इस उद्योग में रोजगार के लिए उन्हें नियोजित करने के रूप में युवाओं के शक्ति और ज्ञान उपलबध कराने की दृष्टि से स्कूल, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षिक संस्थानों में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग में तेजी लाने तथा सूचना प्रौद्योगिकी तथा इलैक्टानिक उद्योग हेतु अपेक्षित विकसित मानव शक्ति और उसका उन्नयन,

23– सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग को सहयोगी पद्धति निर्णय और प्रबंधन के लिए यंत्र के रूप में दिया जाना ही नही है वरन् नागरिकों को अधिक उपयोगिता, पारदर्शी, उत्तरदायी और जिम्मेदार बनाने के लिए सरकार की प्रक्रिया में पुनर्निर्माण भी है। उत्तराखण्ड की सरकार इसके सभी कृत्यों

में सूचना प्रौद्योगिकी का अनुपालन करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए,

24– सूचना प्रोद्योगिकी के मामले को उपभोकता तक आसान पहुंच बनाये जाने के लिए राज्य के नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता की उन्नति करना,

25– राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्टानिक के उन्नयन के लिए जीडीपी संचालन के रूप में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स प्रयोग के लिए युवायों हेतु रोजगार सृजन के दृष्टिग्त सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स स्थल के रूप में आकर्षित करने के लिए इस क्षेत्र को आय क्षमता को बढाने तथा साथ ही साथ इस क्षेत्र में धेरेलू राजस्व मात्रा कोनिर्यात करने के लिए,

26– ईएसडीएम के सम्पूर्ण मूल्यांकन क्रम में अनुकूल विनिवेश मित्रता सम्बंध को सृजित करने के माध्यम से इलेक्ट्रानिक के स्वेदेशी विनिर्माण को प्रोन्नत करना,

27– राज्य में आरएनडी के जीवंत इको पद्धति के विकास को प्रोनन्त करने के लिए, आरेखण और इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रानिक के आविष्कार करने के लिए इसमें अनिवार्यता महत्वपूर्ण कार्य राज्य सरकार द्वारा उसके भीतर किया जाना,

28– राज्य के भीतर प्रति वर्ष राज्य के अधिवासियों को 8000 से 10000 तक के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के सृजन का लक्ष्य,

29– वर्ष 2019 तक 15000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने और ईएसडीएम के क्षेत्र में बौद्धिक विकास में राष्टीय नीति के अधीन आवंटित रिक्तियों का उपयोग सुनिश्चित किया जाना है। राष्ट्रीय स्तर पर इस नीति के लागू होने /विस्तारित करने पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की पर्याप्त संख्या उस पर आधारित होगी।

अध्याय–2 –कार्यान्वयन रणनीति

रणनीति प्रेरित करना

1– यहां प्रेरणा के 6 रणनीतियां है जिसके तीन स्तम्भ तीन भूमिकाओं द्वारा सहयोजित है। तीन स्तम्भों में आर्थिक व्यवहरण, लोक शक्ति और प्रबंधन तथा आविष्कार सम्मिलित है जिसमें संरचना विकास, मानव विनिवेश विकास और डिजिटल भाग सम्मिलित करते हुए मजबूत इरादे सहयोग दिए जाने की आवश्यकता है। यह सभी 6 प्रेरणाएं उत्तराखण्ड राज्य के लिए बढोतरी हेतु इंजन के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी तथा इलैक्ट्रानिक के आकस्मिक नेतृत्व करेंगे। भारत में अत्यधिक वरिय सूचना प्रौद्योगिकी ओर इलेक्ट्रानिक स्थल के रूप में उत्तराखण्ड की मान्यता तथा राज्य के अधिवासियों के लिए उनके जीवन की गुणवतत्ता के सुधार में परिणाम के अनुरूप कार्य करना है। राज्य सरकार देहरादून में विद्यमान आईटी पार्क के अतिरिक्त द्वितीय सूचना प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा की स्थापना करने की परियोजना भी बना रहा है। उत्तराखण्ड की सरकार राज्य में ठंडे मौसम की स्थिति को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में डाटा सेंटर कलस्टर को स्थापित करने की योजना बना रही है। सूचना प्रौद्योगिकी और शिक्षा हब तथा डाटा सेंटर कलस्टर आगामी दो वर्षों के भीतर स्थापित करने की योजना है और इसे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शासित किया जायेगा।

2– **आईटी बजट का निर्धारण**: राज्य के सभी विभाग सूचना प्रौद्योगिकी संरचना के सृजन और बढावे के लिए उसके वार्षिक बजट का एक निश्चित प्रतिशत सुरक्षित रखेंगी।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) नीति का कार्यान्वयन

3– आईसीटी के माध्यम से सुशासन

क. इस तथ्य को मान्यता देते हुए कि लोगों, प्रकियाओं तथा प्रौद्योगिकी के संयुक्त प्रभाव का संयुक्त प्रभाव मुख्य रूप से सुशासन है, उत्तराखण्ड की सरकार सैद्वान्तिक प्रशासनिक प्रकियाओं लोगों की समस्याओं को सरल बनाने और सरकार के साथ व्यवहरण के द्वारा प्रौद्योगिकी सहयोग से राज्य के विकास के लिए कार्य करेगी और आईसीटी के प्रभावी प्रयोग में लोगों के मध्य समुचित कौशल का निर्माण करेगी। राज्य उसके नागरिकों के संशक्ता के लिए यंत्र के रूप में सूचना का प्रयोग करेगी।

ख. जैसा कि राज्य में कारपोरेट, सहयोग और विभिन्न विभागों के मध्य समेकित सूचनाओं और उसके केन्द्र स्थापित करने के लिए सरकार का एक लक्ष्य निर्धारित है जिससे कि नागरिकों, व्यापार और अन्य सरकारी विभागों को त्वरित रूप से सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता दिये जाने हेतु एक रीति जिससे कि विभिन्न विभागों के मध्य विभिन्न अंतसम्बंधी सेवाओं की सरकारी प्रक्रियाओं और समेकन को सरल किया जा सके।

ग. सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2018 तक इलेक्टानिक रीति के माध्यम से नागरिक केन्द्रियक सेवाओं के अधिकतर मामले उपलब्ध कर दिये जाय। इसे प्राप्त करने के लिए राज्य ई–डिस्टिक और अन्य रीति के परियोजनाओं को खडा करेगी जो कि मार्ग में उपलब्ध है। सरकार का लक्ष्य है कि किसी एक एकल पोर्टल से इन परियोजनाओं के माध्यम से नागरिक केन्द्रियक सेवाओं की पारदर्शिता

और दक्षता को प्राप्त किया जाय।

घ. सरकार का लक्ष्य वर्ष 2018 के अंत तक सभी आंतरिक सरकारी प्रक्रियाओं को कम्प्यूटराइज्ड किया जाना है। इस समय सरकार की योजना पेपर मुक्त होना है। सभी सरकारी विभागों में ईआरपी पद्वति जिसमें एचआरएमएस, ईआफिस, ईफाइल सम्मिलित है, कियान्वित होंगी। इस प्रयोजन के लिए सभी अधिकारियों को डिजिटल हस्ताक्षर/ईहस्ताक्षर उपलबब्ध कराये जायेंगे।

ड. सुरक्षित मीडिया पर जहां नागरिक व्यक्तिगत अभिलेख सुरक्षित कर सकता है, में डिजिटल लाकर के प्रयोग करने को बढावा दिया जायेगा और प्रमाणित अभिलेखों के प्रस्तुत करने के अपेक्षा जहां अपेक्षित हो, विभिन्न अभिकरणों के साथ उसे सहभागी या उसी अनुरूप किया जा सकेगा। यह प्रकिया उन सभी सरकारी अधिकारियों पर लागू होगी जो इस सुविधा को प्रयोग करने के लिए बढावा देगा।

च. ई–गवर्नेंश के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य यह विश्वास करता है कि वह अपने नागरिकों को कोई सरकारी सेवा किसी भी समय, किसी स्थान पर प्रदान कर सकता है। विकल्प नागरिकों का होगा न कि सरकारी विभागों का। राज्य सीएससी/ईटरनेट के माध्यम से ऐसी सेवाओं को उसके प्रशिक्षण कर्ताओं द्वारा अधिरोपित प्रौद्योगिकी के प्रयोग के माध्यम से कर सकेगा।

छ. राज्य सरकार की समय–समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी सर्वोत्तम औद्योगिक व्यवहारों और निर्देशों के आधार पर नये सृजन प्रौद्योगिकी आत्मक्षात करने की योजना है। राज्य सरकार बहुमूल्य आंकडों के होने की बावत् जोखिम घटाने के लिए सरकार के सभी विभागों के भीतर साईबर अनुशासन स्थापित करेगी।

ज. विशेष जोर उपयोगकर्ता को प्ररूप या रीति से प्रौद्योगिकी मामलों के साथ बडी मात्रा में समाज को जोडने के लिए आसान और सुविधाजनक होगा। यंत्रों को चुनने के लिए कम्प्यूटर्स, टेलीफोन्स, डिजिटल टीवी, मोबाईल यंत्र, किओस्क, वैयक्तिक डिजिटल सहायता इत्यादि को सहयोगी व्यवहरण की यंत्र उपयोगिता के अध्यधीन रहते हुए आनलाईन पहुंच की सुविधा को सृजित और संरचनात्मक सहयोग के लिए विचार किया जायेगा। राज्य योजना निम्नलिखित मामलों पर कार्य करेगी–

एक– नागरिकों को यंत्रों (इंटरनेट/ब्राडबैण्ड की पर्याप्त पहुंच) के लिए केन्द्रीय सरकारों के अभिकरण, बैकिंग/ वित्तीय अधिष्ठान और एनजीओ से समन्वय करना;

दो– सरकारी अधिकारियों और संबंधित सूचनाओं को नागरिकों के लिए पहुंच सुनिश्चित करने के कम में राज्य सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित सामान्य सेवा केन्द्रीय योजना के माध्यम से सभी ग्रामों में सामान्य सेवा केन्द्र स्थापित कर रही है। ये सामान्य सेवा केन्द्र सरकार और उसके विभिन्न कार्यालयों को सामान्य पहुंच बिन्दु के रूप में सेवाएं देगी;

तीन– सरकार विभिन्न योजनाओं के अधीन लाभार्थियों के केन्द्रीय उत्तरदाता के रूप में सभी अन्य आवेदककर्ताओं द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली सभी राज्य अधिवासियों के डाटा आधारित परियोजना को तैयार किया जायेगा। यह आंकडे अभिप्रमाणन और उसकी दो बार की सेवाओं को रोकने में आधार को संयोजित किया जायेगा। यह आंकडे सरकारी योजनाओं में बाह्यस्राव को रोकने में मदद करेगा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के मामले में निर्णय लिये जाने पर भी सहयोग करेगा। यद्यपि भारत सरकार के दिशानिर्देशों के साथ–साथ मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा भी

व्यक्तियों के आंकडे गोपनीय रखने के लिए कार्य करेगा। प्रारम्भ मे निम्नलिखित विभाग आधार से जुडे जायंगे–

- समाज कल्याण विभाग
- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग
- ग्रामीण विकास विभाग
- शहरी विकास विभाग
- विद्यालयी शिक्षा विभाग
- उच्च शिक्षा विभाग
- तकनीकी शिक्षा विभाग
- स्वास्थ्य विभाग
- राजस्व विभाग
- सेवायोजन विभाग

झ. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग नागरिकों को उनकी सेवाओं को दिए जाने की गति प्रदान करने के उददेश्य से इन विभागों के आंतरिक सक्षमता को सुधारने हेतु अवसरों को चिन्हांकित करने हेतु राज्य में अन्य विभागों के साथ निकटता से कार्य करेगा।

ञ. पर्वतीय जिलों के लिए कठिन पर्वतीय क्षेत्र में प्रशिक्षण दिए जाने के कम में गुणवत्तापूर्वक शिक्षा और स्वास्थय देखभाल सेवाओं को प्रदान करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्थिति आईसीटी सम्भाल सकेगा। आईसीटी आपदा प्रबंधन विभाग को भी मजबूत करने के लिए प्रयोग में लाया जा सकेगा।

4– प्रभावी आईसीटी संरचना का निर्माण

क. राष्ट्रीय आईसीटी नीतियों का समर्थन

एक– सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के ई–गवर्नेन्श योजना के अधीन विभिन्न प्रोत्साहन केन्द्र सरकार के निर्देशों के अनुसरण में स्वान, सीएससी, एसडीसी इत्यादि से सहयोग करेगा। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सहयोग के अतिरिक्त, अतिरिक्त विनिर्माण के आवश्यकता पर राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सहयोग की आवश्यकता होगी।

दो– स्वानः संबंधित ब्लाक मुख्यालय/तहसील मुख्यालय तथा सभी 13 जिलों मुख्यालयों के साथ राज्य मुख्यालय से सम्बंधित स्थानों में यह प्रभावी है।

तीन–सीएससीः – वहन योग्य मूल्य पर नागरिकों के द्वार पर समेकित रूप से सभी सरकारी सेवाओं को उपलब्ध करने के दृष्टिकोण के साथ भारत सरकार ने राष्ट्रीय ई–गवर्नेन्श योजना तैयार की थी। सामान्य सेवा केन्द्रों, आईसीटी सक्षम केन्द्रों के अधीन सभी जिलों को आच्छादित करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण भारत में सूचना और सेवाओं को किसी भी समय किसी भी स्थान पर वैबसाइट के माध्यम से पहुंचाने के लिए सृजित किया जायेगा।

चार– एसडीसीः– जीटूसी और जीटूबी की इलेक्ट्रानिक प्रदाता को सेवाओं के समेकन, आवेदन और संरचना उपलब्ध करायी जायेगी। यह सभी सरकारी विभागों के आंकडों, आवेदन सेवाओं, बैब

सरबर और मेल सरबर पर रखी जा सकेगी। आईटी पार्क, देहरादून में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी भवन में राज्य का एसडीसी अवस्थित किया जाएगा।

ख. प्रौद्योगिकी– वास्तुकला और मानक

एक– 24 × 7 गुणवत्ता की सेवाओं के माध्यम से प्रभावी पीपीपी मॉडल सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सृजन और सेवाओं को प्रदान किए जाने तथा अवरोध मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट और दक्षतापूर्वक कार्य करने के लिए अभिप्रमाणन और भुगतान सेवाओं, नेटवर्क प्रदाताओं, संरचनात्मक प्रबंधन सेवाओं के रूप में सेवा लेने वाले, सरकारी सेवाएं और अन्य तृतीय पक्षकार की सेवाओं के रूप में सेवा सृजन और उसके प्रदान किए जाने के लिए विभिन्न कार्यों में भूमिका दिए जाने के लिए सम्यक मान्यता देने हेतु ई–गवर्नेंश वास्तुकला को विकसित करना है।

दो– केन्द्र द्वारा आत्मक्षात किए जाने वाले कार्य पर आधारित राज्य भारत सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा यथासंस्तुत आंकडे और महाआंकडे आपसी आदान प्रदान से सम्बंधित उनके ई–गवर्नेंश मानकों को बाध्यकारी रूप से जैसा और जहां यह मानक जारी किए जाय, अनुसरण और लागू करेगा।

तीन– उत्तराखण्ड सरकार तकनीकी दृष्टिकोण से तटस्थ है किन्तु उसके एकीकरण के लिए यह आवश्यक है कि किसी साफ्टवेयर पर उसके मानकों का आधार तथा उसके आंतरिक मानक परिभाषित हों। इसलिए उत्तराखण्ड की सरकार पारदर्शी मानकों पर कार्य करेगी।

चार– सरकार किसी प्रौद्योगिकी/वेन्डर स्थल के होने वाले निशुल्क आवश्यकता को मान्यता देने तथा प्रौद्योगिकी और वेन्डर को आपस में मिलाते हुए आगे बढाने के लिए इन वेन्डर/सेवा प्रदाताओं द्वारा दी गई सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सहयोग करेगी। यह नये प्रौद्योगिकी को लाने में आवश्यक कदम उपलबध करायेगा। यह योजना नागरिकों के लिए सेवाओं के देने में निजी सहभागिता के लिए तत्पर है।

ग. नेटवर्क/ संचार संरचना

एक– तारतम्यता के सृजन में ई–गवर्नेन्स प्रारम्भ करने के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। स्वान राज्य के बाहर तारतम्यता के लिए पूर्व से स्थान रखती है। स्वान के दिशा निर्देश और केन्द्र के सहयोग से संचार संरचना के लाभ को पूर्ण रूप से उपयोग में लिया जायेगा। सरकार अन्य लोक और निजी नेटवर्क को प्रदूषण मुक्त किए जाने के लिए बैण्ड विथ उपलब्धता को सृजित करके बढायेगी और प्रतियोगिता के माध्यम से मूल्यों को सक्षम बनाने के लिए कार्य करेगी।

दो– स्वान के अधीन ऊर्ध्वाकार संयोजिक्ता के माध्यम से राज्य का सभी सरकारी विभागों को संयोजिक्ता उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

तीन– राज्य का भारत सरकार की परियोजना एनओएफएन के कियान्वयन के माध्यम से 2017 के अंत तक ग्राम पंचायत स्तर पर संयोजिक्ता प्रदान करने का लक्ष्य है। राज्य योजनाओं के लिए अपेक्षित समयवद्ध अनुमोदन और अन्य कोई आवश्यकता उपलब्ध कराते हुए इस परियोजना के तीब्र गति से कियान्वयन में सहयोग देगी।

चार– राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य चरणवद्ध रीति से राज्य के पर्यटक/तीर्थ स्थानों पर निःशुल्क वाईफाई सुविधाएं उपलब्ध करायेगी।

घ. मोबाईल संचार : प्रौद्योगिकी के विकास, आकडों की खपत की मात्रा, टेली स्थल की बढोतरी तथा स्मार्ट फोन के बडी संख्या में बढोतरी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से अधिक मात्रा में टावर्स को स्थापित किया जाना आवश्यक है। किसी मोबाईल नेटवर्क के लिए मोबाइल टावर की संख्या की अपेक्षा होती है और इनके न होने पर मोबाइल आच्छादन में कमी, सेवाओं में न्यूनता, न्यून इंटरनेट गति और कॉलड्रॉप जैसी समस्याएं आती है। उत्तराखण्ड राज्य का दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्र मोबाइल संयोजिता से अभी आच्छादित नही है जिसके कारण इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इसकी सुविधा से बंचित होना पड़ता है। राज्य सरकार इसके लिए सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहन देगी। राज्य सरकार सरकारी विभागों को भी इस हेतु प्रोत्साहित करेगी। सरकार मोबाइल टावर की स्थापना के लिए सरकारी भवनों और भूमि का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

5– मानव कौशल विकास

क. आईसीटी के क्षेत्र में राज्य सरकार कौशल विकास के लिए विशेष रूप से युवाओं, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, औद्योगिक कर्मचारियों, ग्रामीण समुदायों जिसमें महिलाएं सम्मिलित है, को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के लिए नागरिकों की क्षमता का निर्माण – रोजगार अवसर के सृजन हेतु शक्ति प्रदान करना है।

ख. सक्षमता निर्माण प्रयोग के भाग के रूप में उत्तराखण्ड की सरकार का वास्तविक कम्प्यूटर/डिजिटल जानकारी प्रदान किया जाना उसका उददेश्य है। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड की सरकार राज्य के सभी विद्यालयों में डिजिटीलाइजेशन की प्रकिया को बढाना चाहती है। विभिन्न अन्य मामले रूसा और रमसा के अधीन कम्प्यूटर/डिजिटल ज्ञान के कियान्वयन को बढाना चाहती है। राज्य विद्यमान औद्योगिक संस्थानों, पालिटेक्निक संस्थाओं और सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्टानिक्स उद्योग के साथ उत्तोलन करना चाहेगी।

ग. राज्य विद्यमान तकनीकी संस्थाओं और निजी फामर्स उत्तोलन करेगी और आर तथा डी प्रयास से समन्यवय स्थापित करेगी जिससे कि आम जनमानस को लाभ हो।

घ. (राज्य सरकार के विद्यालयों/महाविद्यालयों) से उत्तीर्ण होने वाले प्रत्येक छात्रों से समुचित आईसीटी कौशल की अपेक्षा की जानी चाहिए। आईसीटी आन्दोलन, स्कूल और विद्यालयों में तेज गति के प्रभाव के दृष्टिग्त उनके जीवन वृत्त में इन्हें शामिल करने के लिए प्रेरणा दी जायेगी।

ड. सरकार के भीतर सक्षमता निर्माण के लिए राष्ट्रीय ई–गवर्नेश योजना के अधीन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के दिशा निर्देशों पर आधारित होगा। इसमें प्रोग्राम प्रबंधन, व्यापार प्रकिया अभियंत्रणीय, प्रबंधन परिवर्तन, वास्तुकला आरेखण इत्यादि के रूप में विभिन्न कौशल स्तरों के लिए वाह्यस्रोतों और आंतरिक स्रोतों को सम्मिलित किया जायेगा। विभिन्न विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से ई–गवर्नेश के संचालन के लिए कार्यवाही की जायेगी और सरकार के सभी विभागों के अधिकारियों के लिए अधिक योजनाबद्ध तरीको से प्रशिक्षण दिया जायेगा। उच्च स्तरीय राजनीतिज्ञों और अधिकारियों के लिए राज्य में नेतृत्व विकास हेतु सेमिनार का आयोजन किया

जायेगा जिससे आईसीटी के बारे में जागरूकता लायी जा सकेगी जिससे वह प्रत्येक प्रश्न पर सामान्य लक्ष्य प्राप्त कर सके।

च. प्रत्येक नये सरकारी अधिकारी को प्रथम वर्ष में आईसीटी पर 15 दिनों की बाध्यकारी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इन पाठयक्रमों में मध्यम स्तरीय कम्प्यूटर ज्ञान प्रशिक्षण, तीन दिनों का पुनः पाठयक्रम, प्रत्येक दो वर्ष की समाप्ति पर उक्तवत सहित पाठयक्रम होंगे। विद्यमान अधिकारियों को ऐसे प्रशिक्षण साधनों के साथ सभी को प्रशिक्षित कराने के लिए प्रबंध किया जायेगा।

छ. एटीआई और अन्य सरकारी प्रशिक्षण संस्थान ऐसे प्रशिक्षण के लिए सुदृढ/विकसित किए जाएगें।

ज. राज्य योजना यह है कि विभिन्न विभागों में उसके सूचना प्रौद्योगिकी प्रारम्भ करने के लिए वास्तविक सूचना प्रौद्योगिकी वर्ग को सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करेगी। सूचना प्रौद्योगिकी वर्ग के भाग के रूप में ई–गवर्नेंस/सूचना प्रौद्योगिकी परियोजना तथा सूचना प्रौद्योगिकी सर्वोच्चता के रूप में कृत्य कर सकेगी। यह विभाग अथवा जिलाधिकारी (यदि वह जिले स्तर का अधिकारी है) के साथ–साथ सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को भी सूचना देगा। यह अधिकारी सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण को प्रदान करेंगे जिससे कि सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के समस्त मामलों को देखने के योग्य हो सके।

6– **सुरक्षा:**

क. सरकार स्मार्ट कार्ड और बायोमैट्रिक्स का प्रयोग करने के लिए बहुत से स्थानों पर बढावा दे रही है, यथा बैंकिंग, फुटकर भुगतान, बाहन रजिस्टीकरण, इंटरनेट भुगतान, नागरिक चिन्हांकन, राशनकार्ड, पेंशन, डाईविंग अनुज्ञा, स्वास्थ्य रिपोर्ट इत्यादि।

ख. सरकार डिजिटल लाकर, डिजिटल प्रमाणन के प्रयोग को बढावा देगी और विद्यमान प्रमाणन प्राधिकारियों तथा सेवा प्रदाताओं और सामान्य प्रयोग के लिए वहन युक्त मूल्यों को ध्यान में रखते हुए चिन्हांकन करेगी।

ग. उत्तराखण्ड की सरकार शून्य साफ्टवेयर पाईरेसी सरकार को बनाये जाने का आशय रखती है।

7– **सूचना प्रौद्योगिकी अनुकूलन और आकर्षित ज्ञान उद्योगों के माध्यम से औद्योगिक विकास में तेजी लाना:**

